बिहार सरकार
कृषि विभाग

पत्र संख्या : NHM/BHDS/61/2025 -पी०पी०एम०-57 -/कृ० पटना, दिनांक - 31 . 07. 2026

प्रेषक,

कल्पना कुमारी
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।
द्वारा : वित्त विभाग, बिहार, पटना।(+)

(+) अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

विषय : **केन्द्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय बाँस मिशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक कुल दो वर्षो के लिए कुल 316.00 लाख (तीन करोड़ सोलह लाख) रूपये के योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए स्वीकृत राशि 119.760 लाख (एक करोड़ उन्नीस लाख छिहत्तर हजार) रूपये के अधीन कुल 90.73070 लाख (नब्बे लाख तिहत्तर हजार सत्तर) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश :– **स्वीकृत।**

केन्द्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय बाँस मिशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक कुल दो वर्षो के लिए कुल 316.00 लाख (तीन करोड़ सोलह लाख) रूपये के योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए स्वीकृत राशि 119.760 लाख (एक करोड़ उन्नीस लाख छिहत्तर हजार) रूपये के अधीन कुल 90.73070 लाख (नब्बे लाख तिहत्तर हजार सत्तर) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–NHM/BHDS/61/2025–पी०पी०एम०–82 दिनांक–10.07.2025 द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय बाँस मिशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक कुल दो वर्षो के लिए कुल 316.00 लाख (तीन करोड़ सोलह लाख) रूपये के योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति तथा इसके अधीन वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 196.240 लाख (एक करोड़ छियानवे लाख चौबीस हजार) रूपये मात्र क निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृत्यादेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए स्वीकृत राशि 119.760 लाख (एक करोड़ उन्नीस लाख छिहत्तर हजार) रूपये के अधीन कुल 90.73070 लाख (नब्बे लाख तिहत्तर हजार सत्तर) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। अतएव यह चालू योजना है।

3. विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या– NHM/BHDS/61/2025–पी०पी०एम०–82 दिनांक–10.07.2025 द्वारा स्वीकृत योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में सार्वजनिक क्षेत्र में उच्च घनत्व बांस वृक्षारोपण घटक के लिए निर्धारित लक्ष्य 7 हे0 के विरूद्ध 5.3375 हे0 की उपलब्धि, निजी क्षेत्र में उच्च घनत्व बांस रोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य 450 हे0 के विरूद्ध 341.2126 हे0 की उपलब्धि एवं किसान के खेत पर सीमांत वृक्षारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य 14000 के विरूद्ध 10463 की उपलब्धि प्राप्त होने के कारण वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए कुल 90.73070 लाख (नब्बे लाख

तिहत्तर हजार सत्तर) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इससे संबंधित जिलावार/घटकवार विवरणी अनुसूची–1 के रूप में संलग्न है।

4. यह एक केन्द्र प्रायोजित – राष्ट्रीय बाँस मिशन योजना है। इसके अन्तर्गत निम्नांकित घटकों का कार्यान्वयन किया जाना है :–

क. **सार्वजनिक क्षेत्र में उच्च घनत्व बांस वृक्षारोपण (100% सब्सिडी)**

इस घटक का कार्यान्वयन राज्य के 21 जिलों यथा – अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पूर्णियाँ, सहरसा, समस्तीपुर, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान एवं सुपौल के प्रखण्ड उद्यान नर्सरियों/प्रोजनीबाग नर्सरियों/कृषि फॉर्म में प्रत्यक्षण प्लॉट का निर्माण जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा किया गया है। High Density Bamboo Plantation/प्रत्यक्षण प्लॉट पर MIDH की मार्गदर्शिका सदृश्य इकाई लागत कुल 1.20 लाख रूपये प्रति हे0 निर्धारित की गई है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में सार्वजनिक क्षेत्र में उच्च घनत्व बांस वृक्षारोपण अन्तर्गत 40% यानि 0.48 लाख रूपये प्रति हे० द्वितीय किस्त वर्ष Maintenance के रूप में व्यय किया जायेगा।

ख. **निजी क्षेत्र में उच्च घनत्व बांस रोपण (50% सब्सिडी)**

इस घटक का कार्यान्वयन राज्य के 27 जिलों यथा – अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पूर्णियाँ, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, वैशाली एवं प० चम्पारण में किया जायेगा। इस घटक हेतु MIDH की मार्गदर्शिका के सदृश्य इकाई लागत 1.20 लाख रूपये प्रति हे0 निर्धारित की गई है। इस घटक अन्तर्गत द्वितीय वर्ष Maintenance हेतु MIDH की मार्गदर्शिका के आलोक में प्रति हेक्टयेर 0.24 लाख (चौबीस हजार) रूपये अनुदान वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिया जायेगा।

ग. **किसान के खेत पर सीमांत वृक्षारोपण (संख्या में) 50% सब्सिडी (लागत मानदंड – 300 रूपये/पौधा और सब्सिडी– 150 रूपये/पौधा)**

इस घटक का कार्यान्वयन राज्य के 26 जिलों यथा – अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पूर्णियाँ, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, वैशाली एवं प० चम्पारण में किया जायेगा। इस घटक अन्तर्गत MIDH की मार्गदर्शिका के आलोक में प्रति पौधा 40% यानि 60 रूपये द्वितीय वर्ष Maintenance के रूप में दिया जायेगा।

5. भारत सरकार के पत्र संख्या–03/04/2026-KY (FTS: 186532) दिनांक–22.04.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु राष्ट्रीय बाँस मिशन योजना अंतर्गत कुल 355.21 लाख रूपये का उद्व्यय संसूचित किया गया है। उक्त उद्व्यय के विरूद्ध State Level Sanctioning Committee (SLSC) से दिनांक–27.02.2026 को स्वीकृत 368.00 लाख रूपये की वार्षिक कार्य योजना पर भारत सरकार के पत्र संख्या– 03/04/2026-KY (FTS:186532) दिनांक 22 अप्रैल, 2026 द्वारा अनुमोदन प्राप्त है।

6. योजना क्रियान्वयन का नियमित पर्यवेक्षण निदेशक उद्यान, बिहार, पटना द्वारा किया जायेगा तथा संयुक्त निदेशक उद्यान, बिहार, पटना द्वारा योजना के क्रियान्वयन का अनुश्रवण किया जायेगा।

7. प्रावधानित बजट के आलोक में सामान्य जाति, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए क्रमशः 82.80 प्रतिशत, 15.90 प्रतिशत एवं 1.30 प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया

जायेगा। यह भी प्रयास किया जायेगा कि लाभुक में 30 (तीस) प्रतिशत महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित हो।

8. निदेशक उद्यान, उद्यान निदेशालय, बिहार, पटना केन्द्रांश एवं समानुपातिक राज्यांश की आवंटित राशि को सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना के CFMS 2.0 लिंक्ड SNA SPARSH में संबंधित जिलों द्वारा अनुसूची–II के आलोक में SNA Sparsh के माध्यम से राशि की निकासी एवं व्यय किया जायेगा।

9. राशि व्यय के पश्चात् उसका उपयोगिता प्रमाण–पत्र स्वीकृत्यादेश निर्गत की तिथि से 18 माह के भीतर महालेखाकार (लेखा एवं हक०), बिहार, पटना एवं कृषि विभाग को निदेशक उद्यान, बिहार, पटना द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। महालेखाकार, बिहार, पटना को अंकेक्षण का अधिकार होगा।

10. इस राशि का आवंटन, बिहार कोषागार संहिता में उल्लिखित निकासी एवं व्यय के सुसंगत प्रावधानों एवं वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों तथा अद्यतन अनुदेशों के आलोक में की जायेगी।

11. योजना कार्यान्वयन के क्रम में प्रशासी विभाग द्वारा वित्तीय सीमा के अधीन यथासंभव परिवर्तन किया जा सकेगा।

12. योजना के क्रियान्वयन में यदि किसी प्रकार की अनियमितता होती है, तो क्रियान्वित करने वाले पदाधिकारियों की पूर्ण जिम्मेवारी होगी।

13. योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी निदेशक उद्यान, बिहार, पटना होंगे। निदेशक उद्यान, बिहार, पटना समय–समय पर योजना के कार्यान्वयन तथा प्रगति की स्वयं समीक्षा करेंगे।

14. वित्त विभाग, बिहार के पत्रांक 2561 दिनांक 12.04.1998 एवं पत्रांक 410 दिनांक 12.06.2026 का अनुपालन निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

15. वित्तीय वर्ष 2026–27 में बजट शीर्ष एवं उपबंधित राशि से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है :–

(राशि लाख रूपये में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| केन्द्रांश (केन्द्रांश+राज्यांश) | | |
| मुख्यशीर्ष 2401– फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 119–बागवानी तथा वनस्पति फसलें, उपशीर्ष 0226–राष्ट्रीय बांस मिशन (कृषोन्नति योजना) विपत्र कोड –01–2401001190226, विषय शीर्ष –0226–31– 06–सहायक अनुदान–गैर वेतन पी०एफ०एम०एस० कोड–4138 | 125.68 | 75.12502 |
| मुख्यशीर्ष 2401– फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष 0262–राष्ट्रीय बांस मिशन (कृषोन्नति योजना) विपत्र कोड –01–2401007890262, विषय शीर्ष 0262–31– 06–सहायक अनुदान–गैर वेतन पी०एफ०एम०एस० कोड–4138 | 24.32 | 14.42617 |
| मुख्यशीर्ष 2401– फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 796–जनजातिय क्षेत्र उपयोजना, उपशीर्ष 0275– राष्ट्रीय बांस मिशन (कृषोन्नति योजना) विपत्र कोड – 01–2401007960275, विषय शीर्ष 0275–31– 06–सहायक अनुदान–गैर वेतन पी०एफ०एम०एस० कोड–4138 | 2.00 | 1.17951 |
| योग | **152.00** | **90.73070** |

16. स्वीकृत्यादेश संख्या–82, दिनांक–10.07.2025 के शेष कंडिकाएं एवं शर्तें मूल स्वीकृत्यादेश के अनुरूप ही रहेंगी।

17. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888/वि0 दिनांक–03.12.2024 तथा पत्रांक–201 दिनांक 13.03.2025 में निहित प्रावधान के आलोक में चालू योजना के रूप में योजना कार्यान्वयन हेतु राशि के निकासी एवं व्यय के प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर माननीय मंत्री, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या– NHM/BHDS/61/2025 के पृष्ठ संख्या–65/टि० पर दिनांक–27.07.2026 को प्राप्त है।

18. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि०(2) दिनांक–05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

19. स्वीकृत्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या – NHM/BHDS/61/2025 के पृष्ठ संख्या–64/टि० पर दिनांक–20.07.2026 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या–492 दिनांक–20.07.2026 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(कल्पना कुमारी)
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/61/2025 - पी॰पी॰एम॰ - 57 - /कृ० पटना, दिनांक - 31.07.2026

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/61/2025 - पी॰पी॰एम॰ - 57 - /कृ० पटना, दिनांक - 31.07.2026

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/मंत्रीमण्डल सचिवालय विभाग एवं वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/61/2025 - पी॰पी॰एम॰ - 57 - /कृ० पटना, दिनांक - 31.07.2026

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/61/2025 - पी॰पी॰एम॰ - 57 - /कृ० पटना, दिनांक - 31.07.2026

प्रतिलिपि : सचिवालय कोषागार पदाधिकारी, नया सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/61/2025 - पी०पी०एम० - 57 - /कृ० पटना, दिनांक - 31.07. 2026

प्रतिलिपि : माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना/अपर कृषि निदेशक, प्रसार, बिहार, पटना/निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/निदेशक,पी०पी०एम०,कृषि विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमण्डलीय संयुक्त निदेशक/संबंधित उप निदेशक/संबंधित, जिला उद्यान पदाधिकारी/मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/7

अपर सचिव,<br>
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : NHM/BHDS/61/2025 - पी०पी०एम० - 57 - /कृ० पटना, दिनांक - 31.07. 2026

प्रतिलिपि : उप निदेशक (शष्य) सूचना, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार पदाधिकारी को ई–मेल से भेजने हेतु प्रेषित।

31/7

अपर सचिव,<br>
कृषि विभाग, बिहार, पटना।



# AAP under National Bamboo Mission FY 2026-27 (2nd Year)

| Sl. No. | District Name | High Density Bamboo Plantation (Public Sector) 100% subsidy | | High Density Bamboo Plantation (Private Sector) (50% subsidy) | | Boundrary Plantation on farmer's field in no. Subsidy@50% @Rs. 300/plant. (2nd year maintenance) | | Total Financial Target (In lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Phy (Ha.) | Total Financial Target (in lakh) | Phy (Ha.) | Total Financial Target (in lakh) | Phy (No.) | Total Financial Target (in lakh) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ARARIA | 0.1875 | 0.09000 | 17.0000 | 4.08000 | 520 | 0.31200 | 4.48200 |
| 2 | BANKA | 0.2500 | 0.12000 | 12.6600 | 3.03840 | 520 | 0.31200 | 3.47040 |
| 3 | BEGUSARAI | 0.2500 | 0.12000 | 11.9960 | 2.87900 | 400 | 0.24000 | 3.23900 |
| 4 | BHAGALPUR | 0.2500 | 0.12000 | 16.7760 | 4.02620 | 520 | 0.31200 | 4.45820 |
| 5 | DARBHANGA | 0.2500 | 0.12000 | 14.7680 | 3.54430 | 280 | 0.16800 | 3.83230 |
| 6 | E. CHAMPARAN | 0.3000 | 0.14400 | 11.5640 | 2.77540 | 340 | 0.20400 | 3.12340 |
| 7 | GOPALGANJ | 0.2500 | 0.12000 | 11.8000 | 2.83200 | 400 | 0.24000 | 3.19200 |
| 8 | JAMUI | 0.2500 | 0.12000 | 12.4000 | 2.97600 | 320 | 0.19200 | 3.28800 |
| 9 | KATIHAR | 0.2500 | 0.12000 | 14.1880 | 3.40510 | 520 | 0.31200 | 3.83710 |
| 10 | KHAGARIA | 0.2500 | 0.12000 | 9.7200 | 2.33280 | 475 | 0.28500 | 2.73780 |
| 11 | KISHANGANJ | 0.2500 | 0.12000 | 13.4160 | 3.21980 | 510 | 0.30600 | 3.64580 |
| 12 | LAKHISARAI | 0.0000 | 0.00000 | 9.8400 | 2.36160 | 375 | 0.22500 | 2.58660 |
| 13 | MADHEPURA | 0.2500 | 0.12000 | 14.9800 | 3.59520 | 50 | 0.03000 | 3.74520 |
| 14 | MADHUBANI | 0.0000 | 0.00000 | 7.7950 | 1.87080 | 60 | 0.03600 | 1.90680 |
| 15 | MUNGER | 0.2500 | 0.12000 | 8.3600 | 2.00640 | 430 | 0.25800 | 2.38440 |
| 16 | MUZAFFARPUR | 0.3000 | 0.14400 | 11.6520 | 2.79650 | 510 | 0.30600 | 3.24650 |
| 17 | PURNIA | 0.3000 | 0.14400 | 16.3000 | 3.91200 | 442 | 0.26520 | 4.32120 |
| 18 | SAHARSA | 0.2500 | 0.12000 | 13.9600 | 3.35040 | 0 | 0.00000 | 3.47040 |
| 19 | SAMASTIPUR | 0.2500 | 0.12000 | 12.4100 | 2.97840 | 405 | 0.24300 | 3.34140 |
| 20 | SARAN | 0.0000 | 0.00000 | 4.0000 | 0.96000 | 100 | 0.06000 | 1.02000 |
| 21 | SEOHAR | 0.0000 | 0.00000 | 15.8100 | 3.79440 | 510 | 0.30600 | 4.10040 |
| 22 | SHEIKHPURA | 0.2500 | 0.12000 | 7.9276 | 1.90260 | 436 | 0.26160 | 2.28420 |
| 23 | SITAMARHI | 0.2500 | 0.12000 | 15.5400 | 3.72960 | 380 | 0.22800 | 4.07760 |
| 24 | SIWAN | 0.2500 | 0.12000 | 15.6000 | 3.74400 | 510 | 0.30600 | 4.17000 |
| 25 | SUPAUL | 0.2500 | 0.12000 | 12.6600 | 3.03840 | 500 | 0.30000 | 3.45840 |
| 26 | VAISHALI | 0.0000 | 0.00000 | 13.4800 | 3.23520 | 470 | 0.28200 | 3.51720 |
| 27 | W. CHAMPARAN | 0.0000 | 0.00000 | 14.6100 | 3.50640 | 480 | 0.28800 | 3.79440 |
| | Total : | 5.3375 | 2.56200 | 341.2126 | 81.89090 | 10463 | 6.27780 | 90.73070 |

निदेशक उद्यान,
उद्यान निदेशालय, बिहार, पटना।

(अभिषेक कुमार)

Annexure-II

## Category wise subsidy details under National Bamboo Mission FY 2026-27 (2nd Year)

| Sl. No. | DDO Name | Total (Central) | Gen | SC | ST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | District Horticulture Officer, ARARIA | 4.48200 | 3.71109 | 0.71264 | 0.05827 |
| 2 | District Horticulture Officer, BANKA | 3.47040 | 2.87349 | 0.55179 | 0.04512 |
| 3 | District Horticulture Officer, BEGUSARAI | 3.23900 | 2.68189 | 0.51500 | 0.04211 |
| 4 | District Horticulture Officer, BHAGALPUR | 4.45820 | 3.69139 | 0.70885 | 0.05796 |
| 5 | District Horticulture Officer, DARBHANGA | 3.83230 | 3.17314 | 0.60934 | 0.04982 |
| 6 | District Horticulture Officer, E. CHAMPARAN | 3.12340 | 2.58618 | 0.49662 | 0.04060 |
| 7 | District Horticulture Officer, GOPALGANJ | 3.19200 | 2.64297 | 0.50753 | 0.04150 |
| 8 | District Horticulture Officer, JAMUI | 3.28800 | 2.72246 | 0.52279 | 0.04275 |
| 9 | District Horticulture Officer, KATIHAR | 3.83710 | 3.17712 | 0.61010 | 0.04988 |
| 10 | District Horticulture Officer, KHAGARIA | 2.73780 | 2.26690 | 0.43531 | 0.03559 |
| 11 | District Horticulture Officer, KISHANGANJ | 3.64580 | 3.01872 | 0.57968 | 0.04740 |
| 12 | District Horticulture Officer, LAKHISARAI | 2.58660 | 2.14170 | 0.41127 | 0.03363 |
| 13 | District Horticulture Officer, MADHEPURA | 3.74520 | 3.10103 | 0.59549 | 0.04870 |
| 14 | District Horticulture Officer, MADHUBANI | 1.90680 | 1.57883 | 0.30318 | 0.02479 |
| 15 | District Horticulture Officer, MUNGER | 2.38440 | 1.97428 | 0.37912 | 0.03100 |
| 16 | District Horticulture Officer, MUZAFFARPUR | 3.24650 | 2.68811 | 0.51618 | 0.04221 |
| 17 | District Horticulture Officer, PURNIA | 4.32120 | 3.57795 | 0.68707 | 0.05618 |
| 18 | District Horticulture Officer, SAHARSA | 3.47040 | 2.87349 | 0.55179 | 0.04512 |
| 19 | District Horticulture Officer, SAMASTIPUR | 3.34140 | 2.76668 | 0.53128 | 0.04344 |
| 20 | District Horticulture Officer, SARAN | 1.02000 | 0.84456 | 0.16218 | 0.01326 |
| 21 | District Horticulture Officer, SEOHAR | 4.10040 | 3.39513 | 0.65196 | 0.05331 |
| 22 | District Horticulture Officer, SHEIKHPURA | 2.28420 | 1.89132 | 0.36319 | 0.02969 |
| 23 | District Horticulture Officer,SITAMARHI | 4.07760 | 3.37625 | 0.64834 | 0.05301 |
| 24 | District Horticulture Officer, SIWAN | 4.17000 | 3.45276 | 0.66303 | 0.05421 |
| 25 | District Horticulture Officer, SUPAUL | 3.45840 | 2.86356 | 0.54989 | 0.04495 |
| 26 | District Horticulture Officer, VAISHALI | 3.51720 | 2.91224 | 0.55924 | 0.04572 |
| 27 | District Horticulture Officer, W. CHAMPARAN | 3.79440 | 3.14176 | 0.60331 | 0.04933 |
| | **Total :** | **90.73070** | **75.12502** | **14.42617** | **1.17951** |

निदेशक उद्यान,
उद्यान निदेशालय, बिहार, पटना।

(अभिषेक कुमार)